बाघों के साथ-साथ अब गैंडे भी बढ़ाएंगे पर्यटन

लखनऊ। प्रदेश में ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड बाघों के साथ गैंडों के माध्यम से भी पर्यटकों को आकर्षित करेगा। बोर्ड अब सभी हवाई अड्डों व रेलवे स्टेशनों पर दुधवा राष्ट्रीय उद्यान की प्रचार सामग्री के साथ ही गैंडों की फोटो व प्रचार सामग्री का प्रयोग करेगा। लोगों को एक सींग वाले गैंडे काफी आकर्षित करते हैं।

ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड कर रहा तैयारी

22 सितंबर को गैंडा दिवस के लिए विभाग ने इनकी फोटोग्राफी भी कराई है। इसे भी प्रदर्शित किया जाएगा। दुधवा में 1984 में पांच गैंडे लाए गए थे। आज इनकी संख्या 51 हो गई है। ऐसे में यहां भ्रमण के लिए आने वाले लोगों को यह आसानी से दिखते भी हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दुधवा में तैनात नेचर गाइड को भी इन गैंडों के बारे में अलग से जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया है। हमारा प्रयास है कि बाघों के साथ-साथ गैंडों के माध्यम से भी पर्यटकों को यहां आने के लिए आकर्षित किया जाए। ब्यूरो